प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

23.05.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने नई दिल्ली में केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल खट्टर से भेंट कर प्रदेश में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा संचालित जलविद्युत परियोजनाओं में राज्य की मुफ्त बिजली हिस्सेदारी बढ़ाने का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री ने बैरा–स्यूल परियोजना को हिमाचल को सौंपने की लंबे समय से लंबित मांग पर भी चर्चा की। उन्होंने बीबीएमबी से बकाया राशि जारी करने और बीबीएमबी में हिमाचल प्रदेश से एक स्थायी सदस्य नियुक्त करने की आवश्यकता पर बल दिया। मुख्यमंत्री ने सतलुज जल विद्युत निगम लिमिटेड की लुहरी, सुन्नी व धौलसिद्ध और एनएचपीसी की डुग्गर परियोजना को राज्य को सौंपने के लिए सैद्धांतिक मंजूरी देने पर आभार जताया। मनोहर लाल खट्टर ने मुख्यमंत्री को केन्द्र से हर सम्भव सहायता का आश्वासन दिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीता रामन से भेंट कर प्रदेश के वित्तीय मामलों पर विस्तृत चर्चा की।

मुख्यमंत्री–2

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में लम्बित विभिन्न पर्यटन परियोजनाओं के लिए धनराशि स्वीकृति को लेकर केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत से भी नई दिल्ली में भेंट की। उन्होंने औहर परियोजना सहित देहरा और पौंग डैम से जुड़ी परियोजनाओं को शीघ्र मंजूरी देने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत स्वीकृति के लिए भेजी गई परियोजनाओं और राज्य के लिए पूंजी निवेश की विशेष योजना के अंतर्गत प्रस्तावित परियोजनाओं को भी मंजूरी देने का आग्रह किया।

विमल नेगी

प्रदेश उच्च न्यायालय ने बहुचर्चित विमल नेगी मौत मामले की जांच सीबीआई को सौंपने के आदेश दिए हैं। इस मामले में शिमला पुलिस की एस आई टी की जांच पर न्यायालय ने सवाल उठाते हुए ये फैसला सुनाया है। अदालत के फैसले में कहा गया है कि सीबीआई जांच टीम में हिमाचल कैडर का कोई भी अधिकारी शामिल नहीं होगा। उल्लेखनीय है कि एच पी पी सी एल में चीफ इंजीनियर विमल नेगी की मृत्यु के बाद उनकी पत्नी ने इस मामले की सीबीआई जांच की मांग को लेकर उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी।

ऑपरेशन सिंदूर

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना द्वारा आतंकवाद के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर देश का हर वर्ग गर्व महसूस कर रहा है। भारतीय नौ सेना से सेवानिवृत्त व शिमला जिला से संबंध रखने वाले मदन कालटा ने कहा कि सेना के तीनों अंगों ने पाकिस्तान को आतंकवाद के खिलाफ मुंह तोड़ जवाब दिया है।

तिरंगा

आपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य पर भारतीय सेना के सम्मान में भाजपा द्वारा देशभर में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। इसी कड़ी में चम्बा जिला के किलाड़ में भारतीय सेना के अदम्य साहस, शौर्य और बलिदान को समर्पित एक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। स्थानीय विधायक डॉक्टर जनक राज के नेतृत्व में निकली गई इस यात्रा में सैकड़ों लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। तिरंगा यात्रा कार्यक्रम के तहत आज धर्मशाला शहरी व ग्रामीण ब्लॉक, बैजनाथ, ज्वालामुखी, ज्वाली, इंदौरा, भटियात, जोगिन्द्रनगर, चिंतपूर्णी और शिलाई मंडल में तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी।

सुंदर ठाकुर

कुल्लू के विधायक व साडा के अध्यक्ष सुंदर ठाकुर ने एनएचपीसी की पार्वती चरण तीन सैंज परियोजना के अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक को इनके खिलाफ मामला दर्ज करने को कहा है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक को लिखे पत्र में कहा है कि कल सैंज परियोजना से पानी छोड़े जाने से पहले कोई सायरन या प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली सक्रिय नहीं की गई थी जिससे निचले इलाकों में बाढ़ आ गई और दो निर्दोष लोगों की जान चली गई। उन्होंने पत्र में साफ लिखा हैं कि ये भारतीय न्याय संहिता, 2023 के तहत आपराधिक लापरवाही और गैर इरादतन हत्या के बराबर है।

कृतिका

सिरमौर जिले की गत्ताधार क्षेत्र की 17 वर्षीय कृतिका शर्मा ने विश्व की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट फतह की है। एन सी सी की कैडेट कृतिका शर्मा पांवटा साहिब कॉलेज की छात्रा हैं। कृतिका शर्मा की इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू व उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने उन्हें बधाई दी है। उन्होंने कहा कि कृतिका ने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति और अदम्य साहस का परिचय देते हुए इस कठिन लक्ष्य को हासिल किया है और उनकी ये उपलब्धि देश व प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है।